पर्व | ईदगाहों और मस्जिदों में अदा हुई नमाज़

# सजदे में झुके सिर, मांगी गई अमन-खुशहाली की दुआ







**नवभारत, जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईद-उल-अज़हा (बकरीद) गुरुवार को शहर भर में अक़ीदत, उल्लास और शालीनता के साथ मनाया गया। शहर की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में हजारों मुस्लिम बंधुओं ने ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा की। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे।

ईदगाह कलां रानीताल में नायब मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना सूफ़ी ज़ियाउलहक़ क़ादरी ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ईद-उल-अज़हा के दिन सबसे पसंदीदा अमल अल्लाह की राह में कुर्बानी पेश करना है। उन्होंने कहा कि क़ुर्बानी की नियत केवल अल्लाह की रज़ा और उसकी खुशनूदी हासिल करना होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कुर्बानी दिखावे के लिए नहीं, बल्कि केवल अल्लाह की रज़ा के लिए की जानी चाहिए।



मौलाना साहब ने फरमाया कि क़ुर्बानी का सिलसिला इंसान के वजूद के साथ चला आ रहा है, लेकिन ईद-उल-अज़हा की कुर्बानी सुन्नत-ए-इब्राहीमी है, जिसे हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में अदा किया जाता है। उन्होंने लोगों को नसीहत करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ गोश्त हासिल करने की नियत से क़ुर्बानी करता है तो ऐसी क़ुर्बानी जाया होगी और अल्लाह की बारगाह में कुबूल नहीं होगी। तकरीर के बाद मौलाना साहब ने ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा कराई।इस मौके पर इमाम अहले सुन्नत आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा खां के नवासे भी नमाज़ में शरीक हुए, 'अल्लाह-हू-अकबर' की सदाओं के बीच हजारों सिर सजदे में झुक गए। नमाज़ के बाद ईद-उल-अज़हा का खुत्बा पढ़ा गया। अंत में मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी ने मुल्क की तरक़्क़ी, अमन और खुशहाली के लिए ख़ास दुआ की। साथ ही पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग के लिए शासन-प्रशासन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का शुक्रिया अदा किया, और उनके कार्य शैली की सराहना की।

### मुबारकबाद और भाईचारे का माहौल

नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद-उल-अज़हा की मुबारकबाद दी। ईदगाहों के बाहर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुस्लिम समाज को शुभकामनाएँ दीं। शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की मस्जिदों में भी सुबह से नमाज़ अदा की गई, जहाँ भाईचारे और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### शहर की प्रमुख ईदगाहों में अदा हुई नमाज़

मोमिन ईदगाह गोहलपुर में सुबह 8:30 बजे हाफ़िज मुहम्मद ताहिर साहब ने नमाज़ अदा कराई। ईदगाह सदर बाजार में सुबह 8:30 बजे मौलाना सुल्तान अहमद साहब की इमामत में नमाज़ अदा की गई। यहाँ सुरक्षा संस्थानों, सेना इकाइयों में कार्यरत मुस्लिम अधिकारी-कर्मचारियों तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्रों ने भी नमाज़ पढ़ी। गढ़ा ईदगाह में सुबह 9:45 बजे हाफिज काज़ी अमीर अशरफ़ हुसैनी मियां ने नमाज़ अदा कराई। आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में सुबह 10:30 बजे सुल्तान अहमद क़ादरी साहब की इमामत में नमाज़ अदा की गई। वहीं शिया जामा मस्जिद ज़ाकिर अली फूटाताल में सुबह 9:30 बजे मौलाना हैदर मेहदी साहब की कयादत में नमाज़ हुई।

### मुस्लिम इस्लाह कमेटी ने जताया आभार

ईद-उल-अज़हा का पर्व भाईचारे और शालीनता के साथ सम्पन्न होने पर मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी क़दीर सोनी, सरदार हामिद हुसैन, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, पप्पू वसीम खान, मतीन अंसारी, हाजी मुईन खान, जमा खान, बाबा रिजवान, अमीन कुरैशी, प्यारे साहब, मुबारक क़ादरी, सैयद क़ादिर अली क़ादरी, सैयद शौकत अली, जवाहर कादरी, एजाज़ उस्मानी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं संस्कारधानी वासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।



# केंद्रीय जेल में मनाई गई अकीदत की ईद

▸ गले मिलकर दिया भाईचारे का संदेश

**नवभारत, जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय कारागार में ईदुल जुहा का पर्व श्रद्धा, अकीदत और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। जाने-अनजाने में किए गए अपराधों की सजा काट रहे बंदियों ने इस मौके पर अल्लाह के सामने सजदा कर अपने गुनाहों की माफी मांगी और अमन-चैन की दुआ की। पर्व को लेकर जेल प्रबंधन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे।

ईदुल जुहा के अवसर पर जेल में बंद मुस्लिम समुदाय के लगभग 265 बंदियों ने सुबह 9 बजे सामूहिक रूप से ईद की नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद सभी बंदियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।

इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश ने सभी मुस्लिम बंदियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में अच्छा आचरण और सकारात्मक सोच ही इंसान को नई दिशा देती है। उन्होंने बंदियों को बेहतर चाल-चलन बनाए रखने की सीख देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उम्मीद जताई कि आने वाली ईद वे अपने परिवार के बीच रहकर खुशी और सम्मान के साथ मना सकेंगे। कारागार परिसर में पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

### कांग्रेस नेताओं ने दी ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद



संस्कारधानी रानीताल ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज़ अदा किए जाने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया, युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष व नगर कांग्रेस महासचिव मनोज नामदेव अमरीश मिश्रा, गुड्डू नबी, देवकी पटेल, अशोक यादव, राजेंद्र रज्जू सराफ, दिलीप साहू, राहुल चौबे ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद दी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने मुफ़्ती-ए-आज़म मुशाहिद रजा कादरी साहब से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें ईद की मुबारकबाद प्रेषित कीं।

## एक नजर में



### आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ता पूरे जोश से जुट जाएं : रमाकांत पिप्पल

**नवभारत, जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी का लोकसभा, जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन गुरूवार सुबह मानस भवन में शुरू हुआ। जिसमें बसपा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर रमाकांत पिप्पल, प्रदेश प्रभारी एड. दिलीप बौद्ध, जोन प्रभारी पीएस मंडेलिया मौजूद रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण में प्रदेश प्रभारी एड. दिलीप बौद्ध ने बूथ, सेक्टर, विधानसभा, लोकसभा व जिले के संगठन की बारीकी से समीक्षा की और आने वाले चुनावों में बसपा की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस दौरान बताया कि बसपा पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनाव संगठन के बल पर चुनाव लड़ेगी। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष लखन अहिरवार, पूर्व पार्षद शरण चौधरी ने किया। इस मौके पर बालकिशन चौधरी, रत्नेश सिंह, सतपाल सिंह, राकेश चौधरी सहित समाज के बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।




### अशोका हॉल हाईस्कूल में क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन

**नवभारत, जबलपुर।** अशोका हॉल जूनियर एवं हाई स्कूल ने जहांगीराबाद क्रिकेट अकादमी के सहयोग से क्रिकेट अकादमी का भव्य उद्घाटन किया। इस समारोह में माननीय महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर श्रद्धा मालपानी ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, वहीं अजय चौबे ने श्रीमति श्रद्धा मालपानी का सम्मान किया। इसके साथ ही अचल , राजेंद्र दुबे , अजय दुबे एवं अंशुल मिश्रा ने महापौर का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्र्जगत बहादुर अन्नू सिंह जी ने इस पहल की सराहना की तथा सभी गणमान्य अतिथियों के साथ क्रिकेट पिच का उद्घाटन किया।




### कैट ने किया जेडीए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** मेट्रो हॉस्पिटल में आयोजित सम्मान समारोह में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) संस्था द्वारा जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शहर विकास और व्यापारी हितों को लेकर सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर कैट पदाधिकारियों ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में संस्था हमेशा प्रशासन और जेडीए के साथ खड़ी रहेगी। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और शहर के व्यवस्थित विकास के लिए हरसंभव योगदान दिया जाएगा। कार्यक्रम में कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी, जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया, सचिव संजय चड्ढा, उपाध्यक्ष प्रवीण गोलाटी, निखिल पावा, मनुशरत तिवारी, संगठन मंत्री मनोज जसाठी, सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ, कोषाध्यक्ष राजीव नेमा, संरक्षक राधेश्याम अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 17 जून को निकाली जाएगी शौर्य यात्रा

▸ क्षत्रिय राजपूत समाज की बैठक आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर प्रतिवर्षानुसार समस्त क्षत्रिय राजपूत समाज जबलपुर द्वारा भव्य शौर्य यात्रा 17 जून 2026 दिन बुधवार को निकाली जाएगी। इसे लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मप्र द्वारा समदड़िया होटल में विस्तृत चर्चा हेतु आवश्यक बैठक आहूत की गई। इसमें भारी संख्या में क्षत्रिय बंधुओं और युवाओं ने सम्मिलित होकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए एवं हर संभव सहयोग की अपील की है।

बैठक के दौरान यात्रा की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों के बीच गहन विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को सुव्यवस्थित और विशाल रूप देने के लिए अलग-अलग व्यवस्थाओं पर अपने विचार साझा किए। प्रतिवर्ष निकलने वाली इस पारंपरिक यात्रा को इस बार भी गरिमामयी और भव्य बनाने के लिए सभी ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

इस बैठक में समाज के वरिष्ठ शैलेंद्र सिंह (प्रदेश अध्यक्ष), यात्रा संयोजक जी. एस. ठाकुर (पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा), कुलदीप सिसोदिया, दिलीप ठाकुर, मनोज भदौरिया, के. पी. सिंह, वीरेंद्र सिंह, अभिलाष सिंह, अभय सिंह, वासुदेव सिंह, प्रवेंद्र सिंह चौहान, पुष्पराज चौहान, लक्की सिंह, अजय सिंह और अनिल सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### गर्मी में ठंडी छाछ का किया वितरण

**नवभारत, जबलपुर।** तेली पिछड़ा वैश्य महासभा की प्रदेश अध्यक्ष सारिका आलोक साहू के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष विमलेश साहू के द्वारा ठंडी छाछ का वितरण कृषि उपज मंडी साईं मंदिर के समीप किया गया। इस मौके पर नेहा साहू ,राखी साहू, प्रियंका साहू ,राजू कोठी वाले ,राजेश ,पप्पू साहू ,आशीष साहू ,संदीप साहू ,शिवम साहू ,आलोक साहू ,रूपलाल साहू ,मनीष साहू ,दीपक साहू ,सौरभ साहू आदि का विशेष योगदान रहा।

## 25 वर्षों से भटक रहे आश्रितों को दी जाए अनुकंपा नियुक्ति

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के अस्तित्व के दौरान वित्तीय स्थिति खराब होने का हवाला देकर 1 सितंबर 2000 से अनुकंपा नियुक्ति पर रोक लगा दी गई थी, जो विद्युत मंडल के कंपनीकरण के बाद भी जारी रही। लेकिन वर्ष 2014 में नई अनुकंपा नीति की घोषणा कर ऊर्जा विभाग ने कहा कि वर्ष 2000 से 2012 के बीच दुर्घटना में मृत हुए कार्मिकों के आश्रितों को ही अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी, जिसके चलते प्राकृतिक और बीमारी से मृत हुए कार्मिकों के आश्रित 25 वर्षों से अनुकंपा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मप्रविमं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि ऊर्जा विभाग द्वारा मौत का बंटवारा किया जाना निंदनीय है। इस संबंध में उन्होंने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि सभी बिजली कंपनियों के सभी अनुकंपा आश्रितों को तत्काल बिना शर्त अनुकंपा नियुक्ति दी जानी चाहिए। संघ के एसके मौर्य, केएल लोखंडे, एसके शाक्य, शशि उपाध्याय, दशरथ शर्मा, टी डेविड, मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, लखन सिंह राजपूत, विनोद दास, इंद्रपाल सिंह, संदीप दीपांकर, राकेश नामदेव, मदन पटेल आदि ने ऊर्जा विभाग से मांग की है कि 25 वर्षों से भटक रहे अनुकंपा आश्रितों को बिना शर्त अनुकंपा नियुक्ति दी जाये।

## लंदन के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे डॉ . कामेश पवार



**नवभारत, जबलपुर।** युवा भारतीय शोधकर्ता डॉ. कामेश सतीश पवार को लंदन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रण किया गया है। जबलपुर एवं भारतीय शैक्षणिक जगत के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है । डॉ. कामेश सतीश पवार, जो एक प्रतिष्ठित भारतीय शोधकर्ता, अंतरराष्ट्रीय संबंध रणनीतिकार तथा वित्तीय धोखाधड़ी के विरुद्ध सक्रिय आवाज़ के रूप में जाने जाते हैं, इन्हें लंदन, यूनाइटेड किंगडम में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 3 जून से 6 जून 2026 तक यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन, यूनाइटेड किंगडम में आयोजित होगा। डॉ. पवार इस सम्मेलन में सहभागिता हेतु 2 जून 2026 को लंदन के लिए प्रस्थान करेंगे।

सिर्फ 30 वर्ष की आयु में डॉ. कामेश सतीश पवार ने शोध, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, शैक्षणिक नेतृत्व एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। विशेष रूप से वित्तीय धोखाधड़ी के विरुद्ध जागरूकता फैलाने एवं समाज को सजग करने के उनके प्रयासों ने उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रभावशाली युवा व्यक्तित्व के रूप में स्थापित किया है। सम्मेलन के दौरान डॉ. पवार 'कमबैक ' विषय पर अपना विशेष व्याख्यान देंगे, जिसमें वे संघर्षों के बाद पुनः उभरने की शक्ति, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं चुनौतियों से आगे बढ़ने की प्रेरणा पर अपने विचार साझा करेंगे।

समारोह | पिन्तेकुस्त दिवस समारोह के पहले दिन जनसमूह ने की ईश्वर की स्तुति

# प्रार्थना एवं पवित्र आत्मा के अद्भुत स्पर्श का किया अनुभव






**नवभारत, जबलपुर।** पास्टर्स फेलोशिप जबलपुर के तत्वाधान में जबलपुर में आयोजित पिन्तेकुस्त दिवस समारोह का प्रथम दिन परमेश्वर की असीम कृपा और सामर्थ के साथ अत्यंत आशीषित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस पवित्र अवसर पर बड़ी संख्या में विश्वासियों ने भाग लिया और प्रार्थना, आराधना एवं पवित्र आत्मा के अद्भुत स्पर्श का अनुभव किया। सभा में उपस्थित जनसमूह ने एकता और उत्साह के साथ परमेश्वर की स्तुति की, जिससे पूरा वातावरण आत्मिक आनन्द से भर गया।

पास्टर जी. स्टेनली सुकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सभा में प्रमुख वक्ता घना कुर्रे के प्रेरणादायक वचन ने लोगों के जीवन को गहराई से स्पर्श किया और उन्हें आत्मिक रूप से सशक्त किया।

इस समारोह में मुख्य रूप से पास्टर फेलोशिप के अध्यक्ष पास्टर डेविड लाल, बिशप पीटर जॉन्सन, बिशप अर्नेस्ट सिंग, पास्टर प्रशांत डेविड, पास्टर रवि राव , पास्टर एबिनेजर, पास्टर स्टेनली सुकुमार, पास्टर भास्कर, पास्टर एल्विन जॉर्ज, तथा सर्व ईसाई महासभा के अध्यक्ष शान कुमार, विनोद चैम्बर्स, डेंजिल अंग्रे, नितिन भरोस, भाई मनोज एंथनी सहित भारी संख्या में मसीही भाई-बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## वीर सावरकर जयंती पर 'शतदीप' स्मारिका का विमोचन

**नवभारत, जबलपुर।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल, जबलपुर द्वारा महाकोशल विद्यालय के शताब्दी सभागृह में स्वातंर्त्यवीर वीर सावरकर जयंती के शुभ अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा गणेश एवं मां सरस्वती की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात महाराष्ट्र शिक्षण मंडल की शतकीय यात्रा पर प्रकाशित स्मारिका 'शतदीप' का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षण मंडल के सभी सदस्य, अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

माल्यार्पण के पश्चात सुविख्यात गायिका नेहा उपाध्ये के निर्देशन में गायक कलाकारों द्वारा वीर सावरकर की दो रचनाओं पर मधुर गीत प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि के संबोधन के पश्चात पुनः वीर सावरकर की एक प्रसिद्ध रचना पर शानदार गीत प्रस्तुति हुई। परंपरा के अनुसार कार्यक्रम के अध्यक्ष जितेंद्र जामदार ने मुख्य वक्ता, तरुण भारत समूह, नागपुर के मुख्य संपादक सुधीर पाठक का एवं सचिव प्रमोद पाठक ने मुख्य अतिथि, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और विनिर्माण संस्थान जबलपुर के निदेशक भारतेंदु कुमार सिंह का स्वागत किया। इसके पश्चात जितेंद्र जामदार ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों तथा श्रोताओं का स्वागत करते हुए वीर सावरकर की जयंती मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि भारतेंदु कुमार सिंह ने भी वीर सावरकर के महान कार्यों पर संक्षेप में अपने विचार प्रस्तुत किए। सफल कार्यक्रम का कुशल संचालन अजय भालेराव एवं आभार प्रदर्शन शिक्षण मंडल के उपाध्यक्ष उदय परांजपे ने किया।